cVIGIL: चुनावी निगिरानी

स्रोत: पी.आई.बी.

भारत के निर्वाचन आयोग का **cVIGIL एप** नागरिकों के लिये, विशेषकर मौजूदा **आम चुनाव 2024** के दौरान, **चुनाव संहिता के उल्लंघन की शिकायत** करने के लिये एक प्रभावी उपकरण बन गया है।

- **cVIGIL ऐप की मुख्य विशेषताएँ:**
  - **शिकायत दर्ज करना:** cVIGIL चुनाव वाले राज्य में किसी को भी आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct- MCC) के उल्लंघन की शिकायत करने की अनुमति देता है जो चुनाव की घोषणा की तारीख से लागू होता है और चुनाव के एक दिन बाद तक जारी रहता है।
  - **पहचान बताए बिना शिकायत करना:** उपयोगकर्त्ता गुमनाम रूप से शिकायतें दर्ज कर सकते हैं जिससे उनके वैयक्तिक विवरण का अज्ञात रहना सुनिश्चित होता है।
  - **जियोटैगिंग:** जब उपयोगकर्त्ता द्वारा कैमरा सुविधा का उपयोग करने पर एप स्वचालित रूप से शिकायत में जियोटैग जोड़ता है जिससे फील्ड इकाइयों को सटीक स्थान की जानकारी मिलती है।
- आम चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से 79,000 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। एप के माध्यम से 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।
  - अधिकांश शिकायतें, लगभग 73%, **अवैध होर्डिंग्स और बैनर** से संबंधित हैं, जबकि धन, उपहार तथा शराब के वितरण जैसे मुद्दे भी बहुलता में शामिल हैं।



और पढ़ें...[भारत निर्वाचन आयोग](), [आदर्श आचार संहिता]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cvigil-empowering-electoral-oversight